तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 23 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 डेयरी आजीविका और स्वास्थ्य को बदलने राष्ट्रीय सम्मेलन



14 शासन ने काम पर लौटने की चेतावनी दी, सचिवों ने...



## खबर संक्षेप



### टीबी उन्मूलन अभियान के तहत हुई रंगोली प्रतियोगिता

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम तहत जिला बेमेतरा के शासकीय कन्या विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। रंगोली में टीबी के होने के प्रमुख कारण ओर बचाव को प्रदर्शित किया गया था। उक्त अवसर पर जिला क्षय अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड निरीक्षण में पहुंचे और बच्चों को टीबी के बारे में अवगत करते हुए रोकथाम के लिए जागरूक किया। इस रंगोली प्रतियोगिता में जिला क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम समन्वयक संपत्ति बंजारे, यशवंत भारद्वाज के साथ स्कूल के शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।

### भटगांव में भक्त माता कर्मा जयंती समारोह 25 को

**बालोद/कलंगपुर।** विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम भटगांव में ग्रामीण साहू समाज एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में 25 मार्च को भक्त माता कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रामधुनी झांकी सम्मेलन भी आयोजित किया गया है। ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार 25 मार्च को सुबह 9 बजे से सामाजिक महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जायेगी। दोपहर 12 बजे से हवन–पूजन तथा उसके बाद आमंत्रित अतिथियों का स्वागत उद्बोधन एवं दोपहर 2 बजे से रामधुनी झांकी सम्मेलन का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद धिराज सिंह साहू होंगे, अध्यक्षता अध्यक्ष तहसील साहू समाज गुण्डरदेही मानसिंह सार्वा करेंगे।

### मोंहदीपाठ बाबा मंदिर समिति के पदाधिकारियों का चुनाव 25 को

**बालोद/निकुम।** न्याय सिध्द् जय अर्चना मोंहदीपाठ बाबा में मंदिर में पदाधिकारियों का चुनाव 25 मार्च मंगलवार को होगा।इसके तहत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव व कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदों पर चुनाव होगा। बता दें कि मंदिर समिति में 329 सदस्य हैं। वर्तमान अध्यक्ष नरसिंह देवांगन ने बताया कि सुबह 11 बजे मंदिर परिसर में चुनाव होगा। उन्होंने बताया कि चैत्र नवरात्रि में मनोकामना ज्योति कलश व जंवारा स्थापना की तैयारी चल रही है।

### देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन आज

**बालोद।** ब्लॉक स्तरीय देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन 23 मार्च को मां परमेश्वरी भवन आमापारा में रखा गया है। जिसमें होली मिलन समारोह एवं आय व्यय वार्षिक लेखा–जोखा के संबंध में चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष दीपक देवांगन होंगे, वहीं पूर्व अध्यक्ष केदार देवांगन एवं समाज के पदाधिकारी व स्वजातीय उपस्थित रहेंगे।

### ओपन स्कूल परीक्षा 26 से प्रवेश पत्र वितरण 24 से

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ राज्य राज्य ओपन स्कूल का परीक्षा 12वीं की 26 मार्च से हिंदी विषय से तथा 27 मार्च 10वी हिंदी विषय से प्रारंभ होगी। ओपन स्कूल प्रभारी वीरेंद्र कुमार भंडारी ने बताया कि प्रवेश पत्र का वितरण 24 मार्च को प्रातः 10 बजे से शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में किया जाएगा।

### मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 ए, 331 (3) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

**कार्यक्रम :** बेमेतरा प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल

# राज्यपाल रमेन डेका ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही से की भेंट, घर की गुणवत्ता व सुविधा देखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिले के अधिकारियों की ली बैठक, कहा- हितग्राहियों को समय पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिले

राज्यपाल रमेन डेका ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की। इस क्रम में उन्होंने ग्राम पंचायत चोरभट्टी की निवासी केकती बाई साहू से विशेष रूप से भेंट की, जो इस योजना की लाभार्थी हैं। केकती बाई, पति भक्तू राम साहू, ने इस योजना के तहत अपना नया घर प्राप्त किया है। राज्यपाल ने केकती बाई के आवास का दौरा कर योजना के तहत बनाए गए घर की गुणवत्ता और सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने लाभार्थी से बातचीत करते हुए उनके अनुभवों के बारे में जानकारी प्राप्त की। केकती बाई ने बताया कि इस योजना ने उनके और उनके परिवार के जीवन को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि पहले उनके पास पक्का मकान नहीं था, लेकिन इस योजना के माध्यम से उन्हें अब एक सुरक्षित और सुविधाजनक घर प्राप्त हुआ है। अंत में राज्यपाल ने केकती बाई और अन्य हितग्राहियों के साथ सामूहिक तस्वीर खिंचवाई, ताकि उनकी उपस्थिति की स्मृति हमेशा के लिए सुरक्षित रह सके। राज्यपाल ने यह भी कहा कि सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं के स्वावलंबन और उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है, जिससे समाज में उनका योगदान और भी महत्वपूर्ण हो सके। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि अन्य सरकारी योजनाओं की तरह ▶▶शेष पेज 13 पर







### वृक्षारोपण के लिए लोगों को जागरुक करें

राज्यपाल ने माँ के नाम पर एक पेड़ अभियान की समीक्षा की, जिसमें संबंधित विभाग ने जानकारी दी कि पिछले वित्तीय वर्ष में जिले में 4,20,000 में पौधे लगाए गए हैं। राज्यपाल श्री डेका ने अधिकारियों से कहा कि वृक्षारोपण के महत्व के बारे में नागरिकों को और जागरूक किया जाए और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जाए। स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, तालाब किनारे आदि जगह काफ़ी जगह होती और आसानी से पौधों की देखभाल भी हो जाती है। छायादार, फलदार जल्दी बढ़ने वाले पेड़ के पौधे रोपित किए जाएं।





### कलेक्टोरेट परिसर में लगाया रूद्राक्ष का पौधा

राज्यपाल रमेन डेका ने बेमेतरा प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रुद्राक्ष का पौधा लगाया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और धरती को हरा भरा बनाने सभी को अपने आसपास पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

### एसएसपी ने दी जानकारी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने समीक्षा बैठक में बताया कि नशा/मद्यपान से ग्रसित लोगों के लिए सुधारात्मक उपाय, नशामुक्ति के लिए कार्यक्रम चलाए जाते हैं। जिला स्तरीय नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय समिति गठित कर प्रतिमाह बैठक आयोजित किया जाता है। जिले में 58 मास्टर वालिटियर्स तथा 80 भारत माता वाहिनी समूह गठित किये गये हैं, जो कि संपूर्ण जिले में नशामुक्त भारत अभियान हेतु कार्यरत है। नशा मुक्ति केन्द्र प्रस्तावित है, एवं शीघ्र प्रारंभ किया जा रहा है। विद्यालय स्तर में जिले के विभिन्न हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में नशा मुक्ति क्लब का गठन कर नशामुक्ति हेतु प्रचार-प्रसार व जागरूकता अभियान चलाया जाता है। राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि जिले के विकास के लिए सभी नागरिकों को प्रदेश की योजनाओं की जानकारी होनी चाहिए और समय पर उनका लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक योजना का जमीनी स्तर पर शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण को बढ़ावा देने और टीबी मुक्त भारत के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने की कहा। अंत में कलेक्टर ने राज्यपाल को स्मृति चिह्न भेंट किया ।

### बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की ली जानकारी

राज्यपाल रमेन डेका ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली । बैठक के दौरान उन्होंने जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली और उनकी समीक्षा की। बैठक में राज्यपाल के सचिव सी.आर. प्रसन्ना, कलेक्टर रणबीर शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने बेमेतरा जिले की भौगोलिक और किए जा रहे विकास कार्यों की पावर प्रजेंटेशन प्रस्तुत कर जानकारी दी। राज्यपाल ने जिले में संचालित अमृत सरोवर योजना की समीक्षा की जिस पर जिला सीईओ ने जानकारी दी कि जिले में अमृत सरोवर हैं। राज्यपाल श्री डेका ने सरोवरों के आसपास पेड़ लगाने और जल संचयन के उपाय करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जल स्तर की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण जनों को जल स्तर बढ़ाने और जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग के महत्व के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण से पर्यावरण संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।



# असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा आज

**शिक्षा की अलख जगाएं, हर असाक्षर को साक्षर बनाएं- प्रधान पाठिका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- कई स्कूलों में असाक्षरों के लिए चायपानी और स्वल्पाहार भी व्यवस्था



ग्राम साल्हेपुर, विकासखंड बेरला में केंद्र सरकार के निर्देशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा। अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए सारी तैयारियां कर ली गई है। इस अभियान के तहत, ग्राम साल्हेपुर के असाक्षर लोगों को बुनियादी साक्षरता के लिए घर-घर जाकर 15 वर्ष से अधिक की आयु वर्ग के असाक्षर व्यक्तियों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से परीक्षार्थियों को 23 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे से सांयकाल 5 बजे तक आयोजित होने वाली उल्लास परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया गया है।

इस अभियान के तहत, सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को निमंत्रण कार्ड सहित पीला चांवल, तिलक लगाकर एवं फूल देकर आमंत्रित किया गया है। यह आमंत्रण न केवल उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए ही नहीं प्रेरित किया गया, बल्कि उन्हें साक्षरता के महत्व को भी समझाया गया। शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर की प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल ने जानकारी दी कि यह साक्षरता अभियान न केवल व्यक्तिगत विकास में मदद करती है, बल्कि समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करती है। हम सब का दायित्व है कि हम शिक्षा की अलख जगाये, और हर असाक्षर को साक्षर बनाये। इस अभियान में समुदाय की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। समुदाय के सदस्यों को इस अभियान में शामिल होने और असाक्षर लोगों को साक्षर बनाने में मदद करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस महापरीक्षा को लेकर सभी असाक्षर बहुत उत्साहित है।

# जिला कांग्रेस की कमान पूर्व विधायक छाबड़ा को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा को जिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने की खबर मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नियुक्ति का स्वागत करते हुए जश्न मनाया । इससे पूर्व आशीष छाबड़ा को बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। शनिवार आशीष छाबडा को पूर्ण कालिक अध्यक्ष पद पर नियुक्त कर दिया गया है। पूर्व विधायक छाबड़ा को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अवनीश राघव , वरिष्ठ कांग्रेस नेता टी आर जनार्दन,जिला पंचायत सदस्य शशि प्रभा गायकवाड,जिला पंचायत सदस्य हरीश साहू , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, पार्षद रीता पांडे,जनपद उपाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा, पार्षद रश्मि फणेद्र मिश्रा ,रूबी सलूजा ,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लुकेश वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने श्री छाबड़ा से मिलकर उन्हें बधाई दी। इसके साथ ही शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में निश्चित ही कांग्रेस जिले में मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी उनके कार्यकाल में कांग्रेस मजबूत रही है जिसका परिणाम था कि वर्ष 2018 में हुए चुनाव में बेमेतरा जिले के तीनों सीटों पर कांग्रेस का कब्जा हुआ था।



### जिले में कांग्रेस को फिर से स्थापित करना है लक्ष्य : छाबड़ा

जिला कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि पुनः जिला अध्यक्ष बनाया गया, इसके लिए शीर्ष नेतृत्व एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि उनका ध्येय जिले में कांग्रेस को फिर से स्थापित करने में रहेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आगे बढ़ाने के लिए सभी को साथ लेकर चलेंगे साथ ही जनहित के मामलों को हमेशा से कांग्रेस उठाती रही है, गरीबों की आवाज कांग्रेस की रही है और आगे भी रहेगी। जिले की जनता की बुनियादी सुविधाओं व समस्याओं के लिए किसी भी हद में जाकर लड़ाई करनी पड़े हम करेंगे।

# भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन से पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र ने की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्रदेश व जिले के राजनीतिक परिदृश्य को लेकर की चर्चा

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन से रायपुर विमानतल में मुलाकात की। उनका स्वागत करते हुए श्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ में भाजपा की नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ऐतिहासिक सफलता की बधाई दी और कहा कि प्रदेश प्रभारी होने के नाते जीत का श्रेय आपको जाता है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी भाजपा कार्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होने आए थे। बैठक में नगरीय निकायों के एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में निर्वाचित नगर पालिका नगर पंचायत के एवं जिला पंचायत के अध्यक्ष गण को भी आमंत्रित किया था । पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र शर्मा भी बैठक में उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा की विष्णु देव साय सरकार के 1 साल के कार्यकाल को जनता ने सराहा है। प्रदेश की जनता सरकार के कार्यों से खुश है इसी का परिणाम रहा कि भाजपा को नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भारी सफलता मिली । भाजपा कार्यकर्ता में उत्साह है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपमुख्यमंत्री अरुण साव उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पूरे प्रदेश का दौरा कर भाजपा के पक्ष में महौल तैयार किया। पंच से लेकर संसद तक भाजपा की सरकार है। सरकार अब जनता की सेवा कर योजनाओं का क्रियान्वयन कराएगी।

**आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल, जिम्मेदार मौन**

# कई होटल-ढाबों में शराब की अवैध बिक्री, कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- शराब के साथ ही चखना भी उपलब्ध करा रहे कुछ ढाबा संचालक
- पड़ोसी राज्यों से भी आ रही शराब, मॉनिटरिंग की कमी से नहीं हो रही कार्रवाई



### अब 24 पौवा रखने की अनुमति, कोचियों को फायदा

प्रदेश सरकार ने नई शराब नीति के तहत अब एक व्यक्ति के शराब खरीदने की लिमिट 24 पौवा कर दी गई है। इस लिमिट तक हर व्यक्ति शराब खरीद सकता है। इस बदलाव का सीधा फायदा कोचियों को मिलेगा। जिसके चलते पुलिस के कोचियों के खिलाफ जारी अभियान पर असर दिखेगा।

शहर से लगे हुए बाहरी इलाकों में स्थित होटल एवं ढाबों में खुलकर शराबखोरी का काम चल रहा है। होटल एवं ढाबा संचालक न केवल ग्राहकों को शराब उपलब्ध करा रहे हैं, बल्कि उन्हें बैठाकर चखना परोसने का काम भी कर रहे हैं। सूत्रों की मानें, तो होटल एवं ढाबा संचालकों को बड़ी मात्रा में शराब भी उपलब्ध हो रही है। शहर व शहर से लगे आधा दर्जन ढाबों में शराब पिलाए जाने के मामले सामने आ रहे है। इनमें कुछ संचालक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई भी की थी। परंतु अधिकांश ढाबा संचालक बिन किसी रूकावट के शराब परोसने का काम कर रहे हैं. जिनके खिलाफ सख्त एक्शन देखने को नहीं मिल रहा है। ऐसे में आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। ज्ञात हो कि इससे पहले भी कोचियों से सांठगांठ के आरोप आबकारी विभाग पर लगते रहे हैं। पड़ोसी राज्यों से भी शराब की जमकर सप्लाई हो रही है। बीते फरवरी माह में दो करोड़ से ज्यादा की शराब पकड़ाई गई लेकिन अभी तक इसके मुख्य स्रोत का पता नहीं चला है ओर इतनी मात्रा में शराब लाने वाले शराब माफिया का भी पता नहीं ढूंढ पाए। बहरहाल होटल ढाबों व गांव गांव में बिक रही शराब मॉनिटरिंग की कमी के चलते नहीं हो पा रही कार्रवाई जिसके चलते युवा नशे की आगोश में डूबे जा रहे हैं ओर जिले का माहौल खराब हो रहा है।

### आबकारी विभाग मौन

जिले की लगभग सभी शराब दुकानों से कोचियों को बड़े ही आसानी से शराब की पेटियां मिल रही है। यही कारण है कि होटल, ढाबों से लेकर गांचों में भी शराब की अवैध बिक्री पर रोकथाम नहीं लग पा रही है। आबकारी विभाग के अफसरों से लेकर कर्मचारियों पर भी कोचियों से सांठ गांठ के लगातार आरोप भी लग रहे हैं। जिसके बाद भी कोई ठोस कार्रवाई अब तक जिले में नहीं हुई है।

